उतर भारत लाइव देहरादून

1वार्षिक युवा महोत्सव का शुभारंभ, संस्थान की उपलब्धियों से कराया अवगत

छात्रों को परिसर संस्थान के महत्व के बारे में बताया

टनकपुर। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर संस्थान डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिक संस्थान, टनकपुर में रविवार को त्रिदिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव अग्नि-2023 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विवि के कुलगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक डा. अमित अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। निदेशक ने बताया कि संस्थान में छात्रों द्वारा गठित हाबी क्लब के माध्यम से पहली बार वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संस्थान विश्वविद्यालय के परिसर संस्थान के रूप में परिवर्तित किया जा चुका है। जिससे संस्थान के विकास में एक नया मोड़ आया है। मुख्य अतिथि ओंकार सिंह ने सभी छात्रों को परिसर संस्थान के महत्व के बारे में बताया और छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्रों की कंप्यूटर विज्ञान में रुचि को देखते हुए इस वर्ष विश्वविद्यालय संस्थान में कंप्यूटर इंजीनियरिंग की सीटें 60 से बढ़ाकर 120 करने जा रहा है। मुख्य अथिति ने संस्थान के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और छात्रों द्वारा बनाई वाल पेंटिंग और रंगोली इत्यादि का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम 23 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक नीतीश फुलेरा, हिमांशु शाह, मानवेंद्र सिंह, डा. राहुल क्षेत्री, सीमा लोहनी, हिमानी खर्कवाल, आकांक्षा चौधरी, अम्बिकेश यादव, दिनेश, सूरज, ममता, प्रियंका, मनोज, मनीष आदि उपस्थित थे।